राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल की होली एवं धूलण्डी पर शुभकामनाएं

## राजभवन में मिठाई वितरित की

जयपुर, 16 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने होली एवं धूलण्डी (17–18 मार्च) की हार्दिक शुभकामना देते हुए देश और प्रदेशवासियों से यह पर्व आपसी प्रेम और उमंग के साथ मनाने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि रंगों का यह त्योहार द्वेष भाव और वैमनस्य भुलाकर खुशी, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। राज्यपाल ने बुधवार को यहां राजभवन में आयोजित एक अनौपचारिक कार्यक्रम में मिठाइयां वितरित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली पर्व पर बधाई भी दी।

इस मौके पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

————